के.पी.आई. ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर लि. को बीएसई एसएमई से मैनबोर्ड पर माईग्रेशन की सैद्धान्तिक मंजूरी मिली

जयपुर। सोलर पॉवर जनरेशन क्षेत्र में कार्य करने वाली देश की प्रमुख के.पी.आई.ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी को बीएसई लिमिटेड ने पत्र सं. एलओ/माईग्रेशन/वीएम/34/2021-22 दिनांकित 12 मई,2021 द्वारा बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म से बीएसई मैनबोर्ड प्लेटफॉर्म पर माईग्रेशन की सैद्धान्तिक मंजूरी मिल गई है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 के जनवरी माह में के.पी.आई.ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर आईपीओ आया था। तब कंपनी ने 80 रुपये प्रति शेयर पर 4992000 शेयर जारी कर 39.94 करोड़ रुपये जुटाये थे। बीएसई मैनबोर्ड पर माईग्रेशन होने से कंपनी के शेयर में लिक्विडिटी आयेगी और निवेशक कंपनी का 1 शेयर भी खरीद पायेंगे।